तीन कॉलेजों में छह छात्र नकल करते पकड़े गए

नकल सामग्री और उत्तरपुस्तिकाओं को कराया गया सील

संवाद न्यूज एजेंसी

कुलपति ने सेमेस्टर परीक्षा में क्षेत्र के कॉलेजों का किया औचक निरीक्षण

रुड़की। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) में सेमेस्टर की मुख्य परीक्षाओं के मद्देनजर उड़नदस्ते टीम के साथ विवि के कुलपति प्रो.ओंकार सिंह ने रुड़की क्षेत्र के कॉलेजों में औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तीन कॉलेजों में छह छात्रों को नकल करते पकड़ा। कुलपति ने कॉलेजों में परीक्षा तिथियों की वीडियो रिकार्डिंग तलब कर जांच के निर्देश दिए हैं।

शनिवार को कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने उड़न दस्ते की टीम के साथ क्षेत्र के कॉलेजों में चल रही परीक्षाओं का औचक निरीक्षण किया। टीम ने रुड़की क्षेत्र के बीएसएम इंजीनियरिंग, अरिहन्त लॉ कॉलेज, आईटीआर, आरसीएम, आरसीपी कॉलेज में परीक्षा की जांच की।

टीम ने बीएसएम इंजीनियरिंग कॉलेज के परीक्षा कक्षों में चेकिंग के दौरान नकल कर रहे तीन छात्रों को पकड़ा।

इसके बाद टीम ने अरिहन्त लॉ कालेज में चल रही विधि पाठ्यक्रम की परीक्षाओं में लॉ की एक एक छात्रा को नकले करते पकड़ा और नकल की सामग्री सहित उत्तर पुस्तिका को सील करवाकर कब्जे में लिया। वहीं आरसीपी फार्मेसी कॉलेज में भी प्रथम पाली में एक और परीक्षा की द्वितीय पाली में भी एक छात्र को मोबाइल व अनाधिकृत सामग्रियों के साथ नकल करते हुए पकड़ा गया।

नकलची छात्रों से पकड़ी गई लिखित सामग्रियों को उनकी उत्तर पुस्तिकाओं के साथ कब्जे में लेकर सील करवा दिया गया है। इस दौरान कुलपति प्रो ओंकार सिंह ने अपने अधिकारियों को कॉलेजों से परीक्षाओं की तिथियों की वीडियो रिकार्डिंग मंगवाए जाने के निर्देश दिए हैं। उनकी विश्वविद्यालय स्तर पर जांच कर कार्रवाई करने के लिए भी कहा गया है।

परीक्षा देने गया छात्र घर नहीं लौटा

रुड़की। घर से कॉलेज के लिए निकला एक छात्र संदिग्ध हालात में लापता हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर ली है। आर्यन कश्यप (21) निवासी सलेमपुर राजपूताना शुक्रवार सुबह बाइक से पेपर देने फोनिक्स कॉलेज इमलीखेड़ा गया था लेकिन देर शाम तक वह घर नहीं आया। परिजनों ने उसके मोबाइल पर कॉल की तो वह बंद आया। परिजनों ने गंगनहर कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर ली है और छात्र की तलाश के लिए सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। साथ ही उसके मोबाइल की आखिरी लोकेशन भी निकाली जा रही है। संवाद